BSER/संवीक्षा/2017/500

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

*परीक्षा–2017 की संवीक्षा एवम् उत्तर–पुस्तिका की स्कैन प्रति ऑनलाईन प्राप्त करने हेतु आवेदन*

1. परीक्षा का नाम (मा./उ.मा./प्रवे./व.उ./व्या.)
2. परीक्षार्थी का नामांक :
3. परीक्षार्थी का नाम :
4. पिता का नाम :
5. आवेदित विषय (आवेदन हेतु एक ही अवसर प्रदान किया जावेगा, अतः एक बार में वांछित सभी विषय भरें)

| क्र.सं. | विषय का नाम मय सैद्धान्तिक अथवा प्रायोगिक | Paper Code Th./Pract. |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |

6. पहचान हेतु स्वयं की सत्यापित आई.डी. अपलोड करें: (कोई एक प्रवेश पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रवेश पत्र नं. | |
| 2 | आधार कार्ड नं. | |
| 3 | पैन कार्ड नं. | |
| 4 | वोटर कार्ड नं. | |

7. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :

Tehsil/Dist.

पिन कोड –

8. मोबाईल नम्बर * :
9. ई–मेल आई.डी. * :
10. जिस विषय मे त्रुटि पाई जावेगी, केवल उस विषय का शुल्क ऑनलाईन लौटाया जावेगा। अतः आवेदक अपना बैंक अकाउन्ट का सही विवरण दें :–
    1) नाम अकाउन्ट होल्डर
    2) खाता संख्या
    3) IFSC कोड
    4) शाखा का नाम

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाऐं/विवरण मेरी जानकारी अनुसार पूर्णतया सही एवम् सत्य है। मैंने स्वयं ने परीक्षा दी है एवं मुझे उत्तर–पुस्तिका की स्कैन प्रति की आवश्यकता है। किसी अन्य अभ्यर्थी के लिये आवेदन नहीं किया। मैंने नियमों/निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर ही आवेदन किया है जिन्हें स्वीकार करता/करती हूँ। उत्तर–पुस्तिका की प्रति एवं आवेदक की आपत्तियों का निस्तारण ऑनलाईन ही किया जावेगा। अतः आवेदक अपना ही मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. आवश्यक रूप से दें, अपूर्ण होने की स्थिति में आवेदक स्वयं जिम्मेदार रहेगा।

संवीक्षा नियम/शर्तों के लिए यहाँ लिंक करें।

**Accept** | **Decline**

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## परीक्षा 2017–संवीक्षा/उत्तर पुस्तिका फोटोप्रति प्राप्त करने के नियम/शर्ते

1. आवेदन प्रक्रिया – अभ्यर्थी बोर्ड वेबसाईट www.rajeduboardrajasthan.gov.in पर संवीक्षा आवेदन–पत्र डाउनलोड/प्रिन्ट कर निकटतम ई–मित्र केन्द्र पर नियत तिथि तक (स्वप्रमाणित आई.डी. अपलोड कर) ऑनलाईन निर्धारित शुल्क जमाकर आवेदन कर सकता है। परीक्षार्थी स्वयं के लिये ही आवेदन करें, अन्य किसी के लिये आवेदन करना दण्डनीय/आपराधिक माना जावेगा।
2. उच्च माध्यमिक/माध्यमिक/प्रवेशिका/वरिष्ठ उपाध्याय/व्यावसायिक मुख्य परीक्षा–2017 में उत्तर–पुस्तिकाओं की संवीक्षा/ स्कैन प्रति प्राप्त करने हेतु परीक्षा परिणाम घोषणा तिथि से 10 दिवस की अवधि में सामान्य शुल्क 300/– एवं उसके पश्चात आगामी पांच दिवसों में विलम्ब शुल्क रू. 300/– (कुल रूपये 600/–) प्रति विषय/प्रति उत्तर–पुस्तिका ई–मित्र पर ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। आवेदन पत्र का प्रारूप परीक्षार्थियों के सुविधार्थ बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboardrajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। डाक से प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। परीक्षार्थी को किसी विषय की प्रायोगिक परीक्षा में उत्तर–पुस्तिका की संवीक्षा करानी है तो उसका निर्धारित शुल्क जमा अतिरिक्त कराकर आवेदन में स्पष्ट उल्लेखित करें। आवेदन–पत्र के साथ मूल अंकतालिका/इन्टरनेट से प्राप्त अंकतालिका की प्रति संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है।
3. परीक्षार्थी को निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त ई–मित्र सेवा चार्जेज रू. 25/– (रू. 20/– आवेदन–पत्र भरने व रूप. 5/– शुल्क जमा करने) प्रति आवेदन पत्र अतिरिक्त देने होंगे।
4. **अति महत्वपूर्ण – प्रत्येक परीक्षार्थी को आवेदन हेतु एक ही अवसर देय होगा, अर्थात् परीक्षार्थी संवीक्षा हेतु एक बार ही आवेदन कर सकेगा। अतः परीक्षार्थी स्वयं भली–भांति सुनिश्चित होकर एक ही आवेदन में उन सभी विषयों का उल्लेख करें जिनमें वह संवीक्षा कराना चाहता है। परीक्षार्थी चाहे तो सभी विषयों की संवीक्षा हेतु आवेदन कर सकता है।**
5. अभ्यर्थी आवेदन करते समय 'SUBMIT' करने से पूर्व अंकित सभी प्रविष्टियों की गहनता से जांच कर लें। ऑनलाईन आवेदन–पत्र के साथ अपनी एक आई.डी. अपलोड करें। **आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी बोर्ड को नहीं भिजवानी है।**
6. ऑनलाईन आवेदन पत्र की सभी प्रविष्ठियां मय बैंक विवरण, मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी., पते व पिन कोड आदि आवश्यक रूप से पूर्ण करें। अपूर्ण आवेदन की स्थिति में परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार रहेगा। आवेदन–पत्र के निस्तारण के बाद संवीक्षा परिणाम एवम् उत्तर–पुस्तिका की स्कैन प्रति ऑनलाईन भेजी जाकर उसके मोबाईल पर इस आशय की सूचना व 'Password' भेजा जावेगा, जिसके आधार पर 10 दिवस में परिणाम/उत्तर–पुस्तिका देख/डाउनलोड/प्रिन्ट कर सकता है।
7. **राजस्थान माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1957 के तहत निर्धारित राजस्थान माध्यमिक शिक्षा विनियम 1957 के अध्याय 16 नियम (13)(5) अनुसार उत्तर–पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन (Re-evaluation) पुनःजांच (Re-examination) का प्रावधान नहीं है।** संवीक्षा में उत्तर पुस्तिका में प्रदत्त अंकों के योग में भिन्नता,अन्दर–बाहर (केजिंग) में भिन्नता,किसी प्रश्न में अंक नहीं दिये गये हों, उत्तर पुस्तिका/अंकतालिका में प्रदत्त अंकों में भिन्नता आदि–आदि त्रुटियों का निवारण करने की दृष्टि से की जाती है।
8. अन्तिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदनों को क्रमबद्ध कर पंजीकरण कर SMS द्वारा उसके प्रार्थना–पत्र में अंकित मोबाईल पर पंजीकरण संख्या एवं आवेदित विषयों की सूचना एक सप्ताह में दी जावेगी। नियत प्रकिया पूर्ण कर प्राप्त आवेदनों का निस्तारण प्रतिदिन कर परिणाम/आवेदित विषय की उत्तर–पुस्तिका बोर्ड वेबसाईट पर दिये लिंक 'SCRUTINY 2017' पर अपलोड कर SMS द्वारा 'Password' उपलब्ध करवाया जावेगा जिससे परीक्षार्थी अपनी उत्तर–पुस्तिका 10 दिवस में ऑनलाईन देख/डाउनलोड/प्रिन्ट कर सकेगें। 10 दिवस पश्चात् उत्तर–पुस्तिका हटा ली जावेगी।
9. उत्तर–पुस्तिका की स्कैन प्रति ऑनलाईन प्राप्त होने के बाद यदि परीक्षार्थी को संवीक्षा नियमान्तर्गत आपत्ति हो तो शुल्क रूपये 100/– शुल्क (एक मुश्त चाहे एक से अधिक विषय हों) 10 दिवस में निर्धारित विवरण/प्रमाण के साथ ऑनलाईन आपत्ति निकटतम ई–मित्र केन्द्र पर ऑनलाईन प्रस्तुत कर दें। निर्धारित अवधि 10 दिन पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। परीक्षार्थी से प्राप्त आपत्ति को निर्धारित समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाकर संवीक्षा नियमान्तर्गत निस्तारण किया जायेगा जिसकी सूचना मोबाईल/ऑनलाईन भेजी जावेगी। आपत्ति सम्पर्ण तथ्यों/आधारों/विवरण/प्रमाण सहित प्रस्तुत की जावे। अपूर्ण विवरण/प्रमाण होने पर परीक्षार्थी स्वयं की जिम्मेदारी रहेगी। आवेदक की आपत्ति पर बोर्ड द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा और विवादास्पद स्थिति में न्यायक्षेत्र अजमेर होगा। **डाक से आपत्ति प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किये जावेगें।**
10. उत्तर–पुस्तिका उपलब्ध होने पर ही आवेदन पत्र पर कार्यवाही की जावेगी। यदि कतिपय कारण से उत्तर–पुस्तिका उपलब्ध नहीं हुई तो कार्य समाप्ति पर प्राप्त शुल्क अथवा आंशिक उत्तर–पुस्तिका उपलब्ध नहीं होने पर आंशिक प्राप्त शुल्क लौटा दिया जावेगा। इस हेतु आवेदक किसी प्रकार का अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं रहेगा। परीक्षार्थी को आवेदित विषयों की उत्तर–पुस्तिका उपलब्ध कराई जावेगी। अतः परीक्षार्थी विषयों का चयन ध्यानपूर्वक करें। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद परिवर्तन सम्भव नहीं होगा।
11. आवेदित विषय/विषयों के यदि किसी विषय से अंक परिवर्तित होंगे तो केवल उस विषय विशेष का मूल का संवीक्षा शुल्क रूपये 300/– प्रति विषय कार्य समाप्ति पर सभी प्रकरणों का एक साथ ऑनलाईन लौटाया जावेगा। अतः आवेदक आवेदन–पत्र में अपना बैंक अकाउन्ट विवरण सही व पूर्ण अंकित करें। अपूर्ण होने की स्थिति पर में परीक्षार्थी जिम्मेदार स्वयं रहेगा।
12. **यदि परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम पूरक परीक्षा के योग्य घोषित है तो उसे पूरक परीक्षा के लिये (संवीक्षा परिणाम की प्रतीक्षा किये बगैर) आगामी परीक्षा/प्रवेश/अन्य निर्धारित अवधि में आवेदन किया जावे। इसी प्रकार की कार्यवाही उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण में की जावे।**
13. **प्राप्त आवेदनों का निस्तारण प्रक्रियानुसार क्रमबद्ध/परीक्षावार किया जावेगा इसमें लगने वाले यथोचित समय/विलम्ब अथवा अन्य प्रभाव के लिये आवेदक किसी प्राप्त कर अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं रहेगा।**

सचिव
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान
अजमेर।